गैरसैंण, शुक्रवार
13 सितम्बर 2024
वर्षः 16
अंकः 127 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### दतिया में किले की 400 साल पुरानी दीवार गिरी, 7 लोगों की मौत, मची चीख पुकार

दतिया ,तेज बारिश से खलकापुरा में पुराने फिल्टर के पास राजगढ़ किले की दीवार कुछ मकानों पर गिर गई। जिसमें 9 लोग मलबे में दब गए। दीवार ढहने से 7 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक ही परिवार के 5 सदस्य शामिल हैं।

वहां मौजूद लोगों ने बताया कि उन्हें तेज आवाज आई थी। जिसके बाद वह अपने घरों से बाहर आ गए और देखा कि किले की दीवार गिर गई है। मलबे में दबे दो लोगों को तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया।

रेस्क्यू ऑपरेशन में मलबे से 7 शव निकाले गए। कलेक्टर संदीप मकीन ने घटना पर दुख जताते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को 4–4 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

**करीब 400 साल पुरानी थी किले की दीवार**

पीताम्बर माई के दर दतिया में गुरुवार को हुए दिलदहलाने वाले हादसे ने प्रशासन की सजगता पर प्रश्न खड़े कर दिये हैं। जानकारी के अनुसार किले की दीवार करीब 400 साल पुरानी थी।

### पीएम मोदी ने भारतीय पैरा–एथलीटों से की मुलाकात

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पेरिस पैरालंपिक से लौटे भारतीय दल से अपने आवास पर मुलाकात की। इस बार भारतीय एथलीटों ने टोक्यो के रिकॉर्ड प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी और पैरालंपिक में देश के लिए अब तक के सर्वोच्च पदक जीतकर इतिहास रचा।भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ कुल 29 पदकों के साथ पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया। इस दल ने 2020 टोक्यो पैरालंपिक (कुल मेडल 19) में भारत द्वारा बनाए गए अब तक के सर्वश्रेष्ठ पदकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 शूटिंग स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना खिताब बरकरार रखते हुए पीएम मोदी को अपनी जर्सी भेंट की। इस पर लिखा था, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद सर।इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने कपिल परमार के कांस्य पदक पर साइन किए, जो उन्होंने पैरा जूडो पुरुषों की 61 किग्रा जे1 श्रेणी में जीता था। फ्रांस की राजधानी में 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित पेरिस 2024 पैरालंपिक में रिकॉर्ड 84 पैरा–एथलीटों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। भारत ने 12 खेलों में भाग लिया, जो टोक्यो 2020 से तीन ज्यादा है। ये तीन नए खेलों में झ पैरा साइक्लिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो शामिल था। भाला फेंक के दिग्गज सुमित अंतिल ने पैरालंपिक में अपना खिताब बचाने वाले पहले भारतीय पुरुष के रूप में इतिहास रच दिया। उन्होंने पुरुषों की भाला फेंक एफ64 में 70.59 मीटर की शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो एक नया पैरालंपिक रिकॉर्ड है। उन्होंने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड को पेरिस में तीन बार तोड़ा। हरविंदर सिंह भारत के पहले पैरालंपिक तीरंदाजी चैंपियन बने।

### राज्य में असुरक्षा की भावना बढ़ी है: हरीश रावत

हरिद्वार। पूर्व सीएम हरीश रावत ने गुरुवार को कहा कि राज्य में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए, जिससे सामान्य नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। यह बातें उन्होंने कांग्रेस की पद यात्रा के दौरान कही। हरिद्वार में ज्वेलर्स शोरूम पर हुई डकैती और बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस प्रदेश सरकार पर लगातार हमलावर है। कांग्रेस प्रदेश संगठन और जनप्रतिनिधि अलग–अलग चरणों में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में हरिद्वार में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें चंद्राचार्य चौक से परशुराम चौक होते हुए बालाजी ज्वेलरी शोरूम तक पैदल मार्च निकाला गया। प्रदर्शन में पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। विरोध कर रहे कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

---

मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार..

## सीएम ममता बनर्जी का कोलकाता रेप मर्डर मामले में बड़ा ऐलान

नई दिल्ली , कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पिछले महीने ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के मामले में हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों से राज्य सरकार की बातचीत फिर नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हड़ताली डॉक्टरों से बातचीत करने के लिए दो घंटे तक इंतजार करती रहीं लेकिन डॉक्टर बातचीत करने नहीं आए। इस गतिरोध पर ममता बनर्जी ने कहा है कि वह लोगों की खातिर मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं।



सीएम ममता ने कहा कि आरजी कर अस्पताल की डॉक्टर की हत्या मामले में मैं भी भी न्याय चाहती हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं लोगों की खातिर मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। उन्होंने कहा, मैं बंगाल के लोगों से माफी मांगती हूं, जिन्हें उम्मीद थी कि आज आरजी कर गतिरोध खत्म हो जाएगा। इससे पहले हड़ताली डॉक्टरों ने बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग करने से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जूनियर डॉक्टरों से मिलने के लिए आज भी दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन वे बैठक स्थल पर नहीं आए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आरजी कर मामले में गतिरोध को समाप्त करने के लिए उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से बातचीत करने की तीन बार कोशिश की। सीएम ने कहा, हमारे पास जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था थी, हम उच्चतम न्यायालय की अनुमति से इसे उनके साथ साझा कर सकते थे लेकिन चूंकि आरजी कर मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए जूनियर डॉक्टरों की मांग के अनुसार उनके साथ बैठक का सीधा प्रसारण नहीं किया जा सकता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ शब्दों में कहा कि वह आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्हें माफ कर दूंगी क्योंकि हम बड़े हैं। मुख्यमंत्री ने ये भी बताया कि जूनियर डॉक्टरों के ह्यकाम बंदह्न करने से 27 लोगों की मौत हुई है और राज्यभर में सात लाख मरीज परेशान हुए हैं।

### भारी बारिश : सभी विभागों को हाई अलर्ट में रहने के निर्देश

चम्पावत। जनपद में लगातार हो रही भारी वर्षा और शुक्रवार को भी मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए डीएम नवनीत पांडे ने सभी विभागों को हाई अलर्ट में रहने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किए जाएं। उन्होंने सभी सड़क निर्माण एजेंसियों को बंद सड़क मार्गों को खोलने तथा सड़क बंद होने पर तत्काल खोलने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर तैनात कार्मिकों राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास, ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों समेत अन्य कार्मिकों को क्षेत्र में बने रहने के साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल कार्यवाही के साथ ही आपदा नियंत्रण कक्ष को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

## जम्मू कश्मीर के अंदर हुआ मिनिमम टेररिज्म और मैक्सिमम टूरिज्म : धामी

सीएम धामी ने जम्मू कश्मीर के सांबा के नानकचक में हुई चुनावी रैली को किया संबोधित

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर के सांबा विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि 370 समाप्त होने से पहले पत्थरबाज, आतंकवादी कश्मीर में हावी थे , लेकिन धारा 370 खत्म होने के बाद अब किसी में पत्थरबाजी करने की हिम्मत नहीं है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की वजह से ही राहुल गांधी जम्मू कश्मीर के दौरे पर आ पा रहे हैं। सांबा के नानकचक में हुई चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि धारा 370 खत्म होने के बाद भाजपा सरकार में जम्मू कश्मीर के अंदर मिनिमम टेररिज्म और मैक्सिमम टूरिज्म हो गया है। इस बार का चुनाव बहुत ऐतिहासिक होने वाला है। आजादी के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर के लोग दो झंडे, दो संविधान के नीचे नहीं बल्कि तिरंगे के नीचे, बाबा अंबेडकर के संविधान के आधार पर मतदान करेंगे। पहले कश्मीर में 10 प्रतिशत मतदान होता था, लेकिन लोकसभा चुनाव 2024 में यह बढ़कर 58 प्रतिशत चुनाव हुआ। कहा कि जनता के आशीर्वाद से निश्चित ही भाजपा प्रत्याशी सलाथिया भारी बहुमत से विजय होंगे। यह चुनाव जम्मू कश्मीर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का चुनाव है। उन्होंने जनता से आगामी एक अक्तूबर को कमल के फूल पर वोट देकर पूरे प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने का आग्रह किया। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में विकास की नई राह खुली है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में अनेक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज घाटी में आईआईटी, आईआईएम के साथ ही कई कॉलेज का निर्माण हुआ है। 25000 करोड़ की लागत से अनेक हाइड्रो प्रोजेक्ट पर कार्य संचालित हैं। अब युवाओं के हाथ में हथियार नहीं हुनर है। 2019 से बाद से 30 हजार युवाओं को रोजगार मिल चुका है एवं 70 हजार करोड़ का विदेशी निवेश बढ़ा है। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, भाजपा प्रत्याशी सलाथिया आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)



## उत्तराखंड में भारी बारिश का कहर! नेशनल हाईवे पर गिर रहे बड़े-बड़े पत्थर, 61 सड़कें बंद



हरिद्वार। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में बुधवार रात से बारिश हो रही है। खासकर पहाड़ी इलाकों में गुरूवार सुबह से तेज बरसात हो रही है। जगह–जगह भूस्खलन और भू–धंसाव से 61 सड़कें बंद हो गई हैं। इनमें प्रमुख रूप से चीन सीमा को जोड़ने वाला तवाघाट–धारचूला सीमा मार्ग और टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं। तवाघाट–धारचूला मार्ग तवाघाट के पास भू धंसाव होने से बंद पड़ा हुआ है जबकि टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग संतोला के पास मलबा आने से बंद है। यहां रूक रूक कर पत्थर गिर रहे हैं। प्रशासन मुस्तैद है और अधिकारी जेसीबी से मार्ग खोलने में जुटे हुए हैं।

पिथौरागढ़ जिले में भी बीती रात से तेज बरसात हो रही है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार जिले में 18 सड़कें ठप पड़ी हैं। इनमें एक बॉर्डर मार्ग के अलावा थल–सतलिंग राज्यमार्ग और 16 ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। भूस्खलन के चलते चंपावत जिले में कुल 14 सड़कें बंद हैं। इनमें टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ककरालीगेट–ठुलीगाड़ राज्यमार्ग के अलावा 12 ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें हैं। इसी प्रकार नैनीताल जिले में भी बीती रात से तेज बरसात हो रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। जिले में कुल 21 सड़कें भूस्खलन के चलते बाधित हैं। इनमें दो राज्यमार्ग और दो जिला मार्ग भी शामिल हैं। बागेश्वर और अल्मोड़ा जिलों में अपेक्षाकृत कम नुकसान की सूचना है। दोनों जिलों में यहां आठ सड़कें बंद हैं। अल्मोड़ा में रानीखेत–खैरना–मोहान राज्यमार्ग के साथ ही एक ग्रामीण सड़क बंद पड़ी है। इसी प्रकार बागेश्वर में भी भूस्खलन के चलते मलबा आने से छह ग्रामीण मार्ग बंद पड़े हुए हैं। हालांकि बागेश्वर में जिला प्रशासन चौकन्ना है और जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में हाई अलर्ट जारी किया है। प्रशासन को अलर्ट पर रहने के निर्देश हैं। खासकर घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) से जुड़े अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये गये हैं। किसी भी आपदा की स्थिति में अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने और त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं।

### बाल संप्रेक्षण गृह में नाबालिग ने फांसी लगाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बाल संप्रेक्षण गृह पौड़ी में एक नाबालिग ने गुरुवार की सुबह फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। नाबालिग बीती 29 जून से बाल संप्रेक्षण गृह में था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया है कि पौड़ी-श्रीनगर रोड पर बाल संप्रेक्षण गृह में पोक्सो अधिनियम के तहत कैद नाबालिग के फांसी लगाने की सूचना मिली।

नाबालिग ने बाल संप्रेक्षण गृह में अपनी कमीज से ही फांसी लगा दी। सूचना पर पौड़ी तहसीलदार और कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि 17 साल का नाबालिक कोटद्वार का रहने वाला था और उसके विरुद्ध पोक्सो अधिनियम के तहत मामला विचाराधीन है। उसे 29 जून को बाल संप्रेक्षण गृह में लाया गया था। बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सोनप्रयाग से केदारनाथ नहीं भेजे यात्री



रुद्रप्रयाग : बीती रात से जनपद में हो रही लगातार बारिश के चलते गुरुवार को सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए यात्रियों की आवाजाही प्रतिबंधित रही। सुबह से ही बारिश होने के चलते यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने यात्रियों को सोनप्रयाग में ही रुकने का अनुरोध किया। जबकि मौसम के अनुकूल होते ही हेलीकॉप्टर से यात्री केदारनाथ जाते रहे। केदारघाटी में हो रही बारिश के चलते केदारनाथ पैदल मार्ग के साथ ही सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच भूस्खलन के खतरे को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने यात्रियों को सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए नहीं जाने दिया। मौसम अनुकूल होने तक यात्री सुरक्षा को देखते हुए सभी को सुरक्षित स्थानों पर ही रुकने का अनुरोध किया गया। जिस पर यात्रियों ने भी सोनप्रयाग, सीतापुर आदि स्थानों पर ही रुकने का निर्णय लिया। सोनप्रयाग सहित आसपास के स्थानों पर करीब 3 हजार यात्री ठहरे हैं। बता दें कि केदारनाथ पैदल मार्ग के साथ ही सोनप्रयाग में बीते दिनों बारिश के चलते बड़ी घटनाएं हुई हैं, जिसमें यात्रियों के जानमाल का नुकसान हुआ था। बीते दिन गढ़वाल कमिश्नर और आपदा सचिव के निरीक्षण के बाद यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी को देखते हुए गुरुवार को भारी बारिश के चलते यात्रियों की आवाजाही सोनप्रयाग में ही रोकी गई। सोनप्रयाग कोतवाली निरीक्षक देवेंद्र असवाल ने बताया कि बीती रात से लगातार बारिश हो रही है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सोनप्रयाग से आवाजाही प्रतिबंधित रही। मौसम अनुकूल होते ही यात्रियों को केदारनाथ जाने दिया जाएगा। (एजेंसी)

## ड्रग तस्करी मामला : बिक्रम मजीठिया के खिलाफ ईडी की जांच शुरू

चंडीगढ़ ,राज्य के बहुचर्चित ड्रग्स तस्करी मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की मुश्किलें बढ़ गई है। इंफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने बिक्रम मजीठिया के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। ईडी ने मामले में गठित स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए केस से संबंधित ब्यौरा मांगा है। ईडी ने डीआईजी पटियाला रेंज को पत्र लिखकर एफआईआर का विवरण, जांच की स्थिति, गवाहों के बयान, मजीठिया व उनके परिवार के 284 बैंक खातों का विवरण, फर्मों और सदस्यों के रजिस्ट्रार आफ कंपनीज (आरओसी) रिकार्ड और आईटीआर की कापी मांगी है।एसआइटी ने अपनी जांच के दौरान बीती 13 अगस्त को ईडी को पत्र लिख आंशका जताई थी कि इस मामले मनी लार्डिंग का शक है। इस लिए मामले की जांच होनी जरूरी है। जिसके बाद ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर जांलधर जोन की ओर से डीआईजी पटियाला रेंज को मामले से जुड़ा रिकार्ड जल्द से जल्द देने को कहा है। इस मामले में इस साल बीते जनवरी माह में मामले की जांच के लिए राज्य सरकार की ओर से एसआइटी का गठन किया गया। एसआइटी ने अपनी जांच में पाया कि विदेशी कंपनियों और पारिवारिक फर्मों से 436 करोड़ से अधिक की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। एक ही दिन और एक ही पते पर बड़ी मात्रा में नकदी जमा करवाई गई।वित्तीय दस्तावेज की जांच में पता चला की सराया इंडस्ट्रीज और संबंधित फर्मों में संदिग्ध निगमन का पता लगाया है। एसआइटी ने जमीनों के सौदे पर भी सवाल उठाए। क्योंकि जिन जमीनों के सौदे हुए उनके मूल्यों में अचानक बढ़ोतरी हुई। जांच में पता चला की मजीठिया उनकी आय उनकी बनाई गई संपत्तियों और खर्चों से कम थी। मजीठिया के खिलाफ पंजाब स्टेट क्राइम पुलिस स्टेशन में 20 दिसंबर 2021 को मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद मजीठिया को गिरफ्तार कर लिया गया था।



### हरियाणा चुनाव : कांग्रेस से गठबंधन खत्म, आप ने सभी 90 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

चंडीगढ़ ,हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को अपने उम्मीदवारों की 7वीं लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने लिस्ट में 3 नामों की घोषणा की। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी ने हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं।

पार्टी ने अपनी आखिरी लिस्ट में आदर्श पाल को टिकट दिया है। जो आज (12 सितंबर) ही कांग्रेस का छोडक़र आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आप ने नारनौंद से रणवीर सिंह लोहान को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं नूंह से राबिया किदवई को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस तरह अब तस्वीर साफ हो चुकी है कि हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन नहीं हो रहा है। राज्य में दोनों ही पार्टियां अलग–अलग चुनाव लडऩे जा रही है।

महिला ने 10 पुरुषों पर दर्ज कराए दुष्कर्म–छेडड़ाड़ के केस

## हाईकोर्ट बोला-इसने तो हनीट्रैप को भी पीछे छोड़ दिया

बेंगलुरू ,कर्नाटक में 10 पुरुषों के खिलाफ अलग–अलग आपराधिक मामले दर्ज कराने वाली महिला की जानकारी को हाईकोर्ट ने सभी थानों में भेजने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने यह आदेश राज्य के डीजीपी को दिया है। महिला 2011 से 2022 के मध्य 10 पुरुषों के खिलाफ केस दर्ज करवा चुकी है। अपने निर्देश में न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया।

जानकारी के मुताबिक, महिला का नाम दीपिका है। उसने 10 मर्दों से शादी की। उनके साथ मर्जी से संबंध बनाए। फिर उन पर रेप का आरोप लगा दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक 28 अगस्त 2022 को मैसूर के होटल ललित महल पैलेस में पीके विवेक ने महिला से एक व्यापारिक लेनदेन के सिलसिले में मुलाकात की थी। इसके कुछ दिन बाद महिला ने विवेक और उनके परिवार के खिलाफ दो केस दर्ज कराए थे। विवेक ने अपनी याचिका में अदालत में बताया कि महिला पिछले 10 सालों में 10 पुरुषों के खिलाफ इसी तरह के केस दर्ज करवा चुकी है।



अदालत ने महिला द्वारा सिलसिलेवार केस दर्ज कराने की प्रवृत्ति पर हैरानी जताई। महिला ने शिकायतों में कुछ पुरुषों को पति बताया तो कुछ पर शादी का वादा करके दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। हालांकि सुनवाई के दौरान वह खुद अनुपस्थित रही। सबूत पेश करने की खातिर भी अदालत नहीं पहुंची। इसके बाद हाईकोर्ट ने पीके विवेक और उनके परिवार के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने का आदेश दिया।

## नहीं मिली सीएम केजरीवाल को जमानत, अब सुप्रीम कोर्ट इस दिन सुनाएगा फैसला

नई दिल्ली ,उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत की मांग और इसी मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर शुक्रवार 13 सितंबर को अपना फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत की बेवसाइट के मुताबिक न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ अपना फैसला सुनाएगी। याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की घंटों दलीलें के बाद पीठ ने पांच सितंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आम आदमी पार्टी के प्रमुख श्री केजरीवाल ने सीबीआई मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 05 अगस्त को अपनी याचिकाएं ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दिल्ली आबकारी नीति 2021–22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई) के कथित और अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च और सीबीआई में 26 जून 2024 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की गिरफ्तारी के समय वह ईडी के मुकदमे में न्यायिक हिरासत में थे।

सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को विशेष अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मुकदमे में केजरीवाल को 12 जुलाई को अंतरिम जमानत दे दी थी। यदि सीबीआई की ओर से जून में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया होता तो वह जेल से रिहा कर दिए गए होते। शीर्ष अदालत ने इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। आबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं के आरोप के आधार पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोधन का मामला दर्ज किया था। शुरू में मुख्यमंत्री केजरीवाल का नाम आरोपियों में नहीं था। सीबीआई मामले में शीर्ष अदालत के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को जमानत दिए जाने की दलीलों का पुरजोर विरोध करते हुए कहा था कि अधिनस्थ अदालत को दरकिनार करने की अनुमति केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती है। इस पर केजरीवाल पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सिंघवी ने दलील दी थी कि सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत आरोपी को नोटिस जारी करने के संबंध में वर्तमान याचिका में उठाए गए आधारों पर हिरासत के दौरान बहस की गई थी। इसके बाद विशेष अदालत ने उसे खारिज कर दिया था। इसलिए याचिकाकर्ता को फिर से उसी मुद्दे पर वहां बहस करने के लिए वापस भेजना न्यायोचित नहीं होगा। पीठ के समक्ष गुरुवार पांच सितंबर 2024 को श्री सिंघवी ने कहा, शायद यह एकमात्र ऐसा मामला है, जिसमें मुझे (केजरीवाल) इस अदालत से सख्त धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दो रिहाई आदेश मिले।उच्च न्यायालय से एक और विस्तृत आदेश मिला। फिर सीबीआई द्वारा पहले से तय गिरफ्तारी हुई। शीर्ष अदालत को सिंघवी ने यह भी बताया कि केजरीवाल का नाम 2022 में दर्ज मुकदमे में नहीं था और उन्हें इस साल 2024 जून में गिरफ्तार किया गया था।उन्होंने कहा, तीन अदालती आदेश मेरे पक्ष में हैं। यह एक पहले से तय की गई गिरफ्तारी है, ताकि उन्हें (मुख्यमंत्री) जेल में रखा जा सके। वरिष्ठ अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए आगे कहा, सबूतों के साथ छेड़छाड़ का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि लाखों दस्तावेज हैं, जिनमें से कई तो डिजिटल हैं। उनके मुवक्किल न्यायिक हिरासत में रहते हुए गवाहों को कैसे प्रभावित कर सकते हैं और इस मामले में पांच आरोप पत्र भी दाखिल किए गए हैं।



## सम्पादकीय

# ममता के नर्म तेवर

पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म एवं हत्या का मामला भले ही कोर्ट में हो लेकिन इसे राजनीतिक गलियारे में भी खूब बनाया जा रहा है। इधर मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई डॉक्टर के साथ बैठक और सफल साबित हुई क्योंकि डॉक्टर बैठक में पहुंचे ही नहीं जिस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश भी कर दी है। इस दौरान उन्होंने काफी भावनात्मक बातें भी की और इस मुद्दे को लेकर माफी भी मांगी है। वहीं चर्चा इस बात की भी है कि चारों तरफ से घिरने के बाद पश्चिम बंगाल में बिगड़ते राजनीतिक हालातो एवं व्यवस्था को देखते हुए ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैक फुट पर नजर आ रही है अन्यथा अब तक इससे पूर्व जिस प्रकार का रवैया सरकार में देखने को मिल रहा था वह कहीं से भी दोषियों को बचाने में सहयोग करने जैसा नहीं लग रहा था। ममता बनर्जी का कहना था कि इस प्रकरण में गतिरोध को समाप्त करने के लिए उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से बातचीत करने की तीन बार कोशिश की। हमारे पास जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था थी, हम उच्चतम न्यायालय की अनुमति से इसे उनके साथ साझा कर सकते थे। ममता बनर्जी के तेवर और स्वर अब पूरी तरह से बदले हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि वह पहले भी न्याय की बात करती आ रही थी लेकिन अस्पताल के प्रिंसिपल की भूमिका को लेकर राज्य पुलिस का रवैया उदासीन भरा नजर आया था। असल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में इस प्रकरण को नियंत्रण में करने के लिए साम–दाम–दंड–भेद जैसे सभी पैंतरे अपना कर देख चुकी है और अब जब पश्चिम बंगाल में चिकित्सक अभी भी कार्य पर लौटने को तैयार नहीं है तो इन परिस्थितियों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर भी गहरा प्रभाव पड़ रहा है। उस पर पश्चिम बंगाल सरकार विपक्ष के भी निशाने पर है और एक महिला चिकित्सक के साथ हुई इस घटना ने राज्य में कानून व्यवस्था एवम महिला सुरक्षा की छवि पर भी सवाल खड़े किए हैं, वह भी उन परिस्थितियों में जब राज्य की मुख्यमंत्री स्वयं एक महिला हो। बरहाल मामला अब सीबीआई जांच क अधीन है और प्रकरण में अभी कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने बाकी हैं।

# विकसित भारत के लिए भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बदलाव

**रवनीत सिंह बिट्टू**

हमारे देश की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र एक प्रकाश–पुंज की तरह है, जो विकसित भारत की दिशा में हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों के रूप में प्रतिबिम्बित होता है। अब यह क्षेत्र केवल अर्थव्यवस्था में योगदानकर्ता भर नहीं रह गया है, बल्कि तेजी से भारत की विकास गाथा का आधार बनता जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में नीतियों, पहलों और बुनियादी ढांचे के विकास के बेहतरीन मिश्रण ने इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है, जिससे यह वैश्विक मंच पर एक मजबूत ताकत बनकर उभरा है। वर्तमान में भारत 3.7 ट्रिलियन डॉलर वाली समृद्ध अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2047 में देश की स्वतंत्रता की शताब्दी तक 30–35 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनना है।

भारत में हो रहे बदलावों के मूल में इसकी समृद्ध कृषि–जलवायु विविधता है, जो हमारे किसानों को विभिन्न प्रकार की विशिष्ट फसलें उगाने में सक्षम बनाती है। दालें, मोटे अनाज, दूध, गेहूं, चावल तथा फलों और सब्जियों के उत्पादन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश होने के रूप में, भारत के पास मूल्य वर्धन के लिए संसाधनों का अद्वितीय आधार मौजूद है। हमारे मेहनतकश किसानों द्वारा सावधानीपूर्वक पोषित इस कृषि प्रचुरता ने नवाचार और उद्यमिता के दौर को जन्म दिया है, जिससे उन्नतिशील खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का उदय हुआ है।

यह क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास का आधार बन चुका है, जो रोजगार के अवसरों के सृजन, तकनीकी प्रगति और बाजार के नए अवसरों के निर्माण के माध्यम से विकास को गति दे रहा है। भारत शीर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बड़ी और सबसे युवा कामकाजी आबादी होने का भी दावा करता है, जिससे इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को और बढ़ावा मिलता है। उन्नत प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, इस उद्योग ने फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने, उत्पाद की शेल्फ लाइफ बढ़ाने और किसानों को उनके प्रयासों के लिए बेहतर रिटर्न दिलाना सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र जैसे–जैसे विकसित हो रहा है, यह न केवल गुणवत्ता के अंतर्राष्ट्रीय मानकों की कसौटी पर खरा उतर रहा है, बल्कि वैश्विक उपभोक्ताओं की लगातार बदलती पसंद और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए अपनी पेशकशों में विविधता भी ला रहा है। इस प्रकार कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के बीच का घनिष्ठ सामंजस्य आर्थिक प्रगति के शक्तिशाली साधन का रूप ले चुका है। यह इस बात को रेखांकित करता है कि हमारे किसान और कृषि देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत के कृषि उत्पाद दुनिया के कोने– कोने में संवर्धित मूल्य और गुणवत्ता के साथ पहुंचे। ऊर्जावान और युवा कार्यबल द्वारा समर्थित इस एकीकरण के माध्यम से, हम इस सशक्त, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी क्षेत्र के उद्भव का साक्षी बन रहे हैं जो भारत को एक समृद्ध और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने के लिए तत्पर है।

> **भारत में हो रहे बदलावों के मूल में इसकी समृद्ध कृषि–जलवायु विविधता है, जो हमारे किसानों को विभिन्न प्रकार की विशिष्ट फसलें उगाने में सक्षम बनाती है। दालें, मोटे अनाज, दूध, गेहूं, चावल तथा फलों और सब्जियों के उत्पादन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश होने के रूप में, भारत के पास मूल्य वर्धन के लिए संसाधनों का अद्वितीय आधार मौजूद है। हमारे मेहनतकश किसानों द्वारा सावधानीपूर्वक पोषित इस कृषि प्रचुरता ने नवाचार और उद्यमिता के दौर को जन्म दिया है, जिससे उन्नतिशील खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का उदय हुआ है। यह क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास का आधार बन चुका है, जो रोजगार के अवसरों के सृजन, तकनीकी प्रगति और बाजार के नए अवसरों के निर्माण के माध्यम से विकास को गति दे रहा है। भारत शीर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बड़ी और सबसे युवा कामकाजी आबादी होने का भी दावा करता है, जिससे इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को और बढ़ावा मिलता है। उन्नत प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके, इस उद्योग ने फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने, उत्पाद की शेल्फ लाइफ बढ़ाने और किसानों को उनके प्रयासों के लिए बेहतर रिटर्न दिलाना सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, कोविड–19 महामारी ने इस क्षेत्र के प्रभावशाली लचीलेपन को दर्शाया, जो प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के अनुरूप तेजी से अनुकूलित हुआ। रेडी–टू–ईट, रेडी–टू–कुक और मूल्य–वर्धित उत्पादों की ओर धीरे–धीरे बदलाव ने खाद्य सुरक्षा और पोषण में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने, सुविधा प्रदान करने, लंबी शेल्फ लाइफ और दूरदराज के क्षेत्रों तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए मजबूत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र आवश्यक है। यह किसानों के लिए बेहतर दामों की प्राप्ति भी सुनिश्चित करते हुए और बाजार के अवसरों में वृद्धि करते हुए, जीडीपी पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है और आजीविका में सहायता प्रदान करता है।

इस संबंध में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) सबसे अग्रणी है, जो पीएम किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। यह पहल अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास करके और खेत से लेकर खुदरा तक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को अनुकूलित करके इस क्षेत्र को बदल रही है।

इन प्रयासों को पूर्णता प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) योजना प्रौद्योगिकी उन्नयन, क्षमता निर्माण और विपणन में सहायता के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के विकास को बढ़ावा देती है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) वृद्धिशील बिक्री से जुड़े वित्तीय पुरस्कारों की पेशकश करके घरेलू विनिर्माण एवं निर्यात वृद्धि को और बढ़ावा देती है। इसके अतिरिक्त, नाबार्ड के अंतर्गत 2000 करोड़ रुपये का विशेष अवसंरचना कोष इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह समन्वित दृष्टिकोण खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और संबंधित क्षेत्रों को उन्नत बनाने के लिए एक व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है, जो मजबूत, एकीकृत और दूरंदेशी विकास पथ सुनिश्चित करता है।भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और इसका जनसांख्यिकीय लाभांश खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए नई ऊंचाइयों को छूने के अनूठे और अभूतपूर्व अवसरों का सृजन करता है। सरकार के महत्वपूर्ण कर संबंधी प्रोत्साहनों, कारोबार करने में सुगमता की सुव्यवस्थित पहल और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास सहित दूरदर्शी व्यवसाय समर्थक सुधारों ने निवेश और विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया है। यह सहयोगपूर्ण परिदृश्य न केवल वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है बल्कि भारत को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में नवाचार और विस्तार के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में भी स्थापित करता है।

वर्ष 2023 में पिछले संस्करण की शानदार सफलता के बाद, मंत्रालय 19 से 22 सितंबर 2024 तक वर्ल्ड फूड इंडिया के तीसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में खाद्य उद्योग के हर पक्ष से जुड़े हितधारक विचारों का आदान–प्रदान करने, अवसरों का अन्वेषण करने और इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने के लिए एक साथ आएंगे। यह एक अनोखा सम्मेलन होगा जिसमें दुनिया भर के खाद्य इकोसिस्टम से जुड़े निर्माता, उत्पादक, निवेशक, नीति–निर्माता और संगठन शामिल होंगे।वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 एक ऐसा मंच है, जहां हितधारक नवाचारों का अन्वेषण करने, साझेदारी बनाने और टिकाऊखाद्य भविष्य की दिशा में मार्ग प्रशस्त करने के लिए एकत्रित होते हैं। आइए, हम अपने सामने मौजूद अवसरों का लाभ उठाएं तथा अधिक समृद्ध और लचीली खाद्य प्रणाली की दिशा में ऐसी यात्रा की शुरुआत करें, जो मूल्य श्रृंखला में सभी हितधारकों को लाभान्वित करे। सामंजस्य के इस दौर में, हम न केवल एक उद्योग को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसे भविष्य के साझा विजन को भी अंगीकार कर रहे हैं जहां नवाचार, स्थिरता और समृद्धि हमारे देश के कोने–कोने का उत्थान करे।

# अंडा, हाई क्वालिटी प्रोटीन का नेचुरल सोर्स

**विष्णु प्रिया सिंह**

हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फैटी लीवर से बचने के लिये डेली, केवल एक अंडा खायें। अगर ज्यादा अंडे खाने हैं तो योक यानी यलो पार्ट निकाल दें। अगर बॉडीझबिल्डिंग के लिये मसल बनानी हैं तो रोजाना बिना योक के 5 से 6 से अंडे खायें। वजह जहां बाजार में बिकने वाले प्रोटीन सप्लीमेंट की क्वालिटी पर संदेह रहता है वहीं अंडा, हाई क्वालिटी प्रोटीन का नेचुरल सोर्स है।

टीवी–रेडियो पर "संडे–मंडे, रोज खायें अंडे" जैसे विज्ञापन, है तो कहीं "अंडे खाने से हार्ट अटैक या स्ट्रोक" जैसी खबरें है। खायें या न खायें, समझ ही नहीं आता। टोटल कन्फ्यूजन। कन्फ्यूजन दूर करने के लिये जब कुछ आहार विशेषज्ञों से बात की तो उन्होंने बताया कि अंडों के लिये पक्षी पालने का चलन करीब 4000 साल पुराना है। और खाने में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होते हैं मुर्गी के अंडे। बाहर सख्त खोल, अंदर पोषण से भरी जर्दी। सफेद हों या गोल्डन, पोषण गुणवत्ता में दोनों बराबर होते हैं।

मुर्गी के एक उबले अंडे में होती हैं करीब 75 कैलोरीज। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन–मिनिरल और कैरोटीनॉयड जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर अंडे में होती है सबसे उम्दा प्रोटीन। करीब 6 ग्राम प्रति अंडा। ये प्रोटीन का गोल्ड स्टैंडर्ड है। बॉडी–बिल्डिंग के लिये इससे अच्छा कुछ नहीं। पोषक तत्वों की डिटेल में जायें तो 50 ग्राम वजनी एक अंडे में 0.7 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 11.2 ग्राम लिपिड, 198 मिलीग्राम फास्फोरस, 142 मिलीग्राम सोडियम, 138 मिलीग्राम पोटैशियम, 56 मिलीग्राम कैल्शियम, 12 मिलीग्राम मैग्नीशियम और 1.75 मिलीग्राम आयरन होता है। साथ ही होते हैं विटामिन ए, बी, ई और फोलेट जैसे पोषक तत्व। लेकिन विटामिन बी सबसे ज्यादा। अंडो के बारे में आहार विशेषज्ञों का कहना है कि कुपोषण से निपटने में इनका कोई जबाब नहीं। एंटीबैक्टीरियल, ऐंटीकैंसर और एंटी–ऑक्सीडेंट्स से भरपूर अंडा गजब का इम्युनिटी बूस्टर है। एक मेगा अध्ययन से सिद्ध हुआ कि बच्चों में कम वजन और बौनापन दूर करने में अंडे का कोई विकल्प नहीं। अंडे में मौजूद अमीनो एसिड "ल्यूसीन" मांसपेशियों की निर्माण प्रक्रिया प्रोत्साहित करता है। मांसपेशियों और बोन हेल्थ दोनों के लिये उपयोगी है अंडा। इसका नियमित सेवन सरकोपेनिया यानी बढ़ती



उम्र में मांसपेशियों की ताकत, द्रव्यमान और कार्य–क्षमता में आने वाली गिरावट रोककर हड्डियों को मजबूती देता है।

याद्दाश्त और थॉयराइड में कारगर

हमारे बाल बनते हैं केरोटीन प्रोटीन से। शरीर में इसकी कमी का अर्थ है एलोपेसिया यानी बाल झड़ना। अंडे की जर्दी में मौजूद हेयर ग्रोथ पेप्टाइड, एलोपेसिया से निपटने में उतना ही सक्षम है जितनी इसकी दवा मिनोक्सिडिल। हाई–क्वालिटी प्रोटीन से भरपूर अंडा, एलोपेसिया रोककर बालों की ग्रोथ ठीक करता है। अंडे में मौजूद ट्राइमेथिलैमाइन एंटीबैक्टीरियल रसायन हमें यूरीनरी ट्रैक इंफेक्शन, निमोनिया, डाइरिया और ई–कोलाई जैसे खतरनाक बैक्टीरिया से बचाता है। इसमें मौजूद ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट आंखों को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के साथ मैकुलरडिजेनरेशन से बचाते हैं।

कमजोर याद्दाश्त बुढ़ापे की कॉमन प्रॉब्लम है। अंडे के ल्यूटिन, कोलीन और ट्रिप्टोफैन जैसे पोषक तत्व दिमाग को स्वस्थ रखते हैं। कोलीन, मेटाबोलिक फंक्शन ठीक रखने के साथ दिमाग की कार्य–क्षमता बढ़ाता है जिससे बुढ़ापे में याद्दाश्त ठीक, दिमाग सजग और सतर्क रहता है। रोज केवल एक अंडा खाने से थॉयराइड प्रॉब्लम और दिल की बीमारियों का रिस्क घटता है। वजह इसमें मौजूद आयोडीन, सेलेनियम, ओमेगा–3 फैटी एसिड जैसे पोषक तत्व और हाई–डेनिस्टी लिपोप्रोटीन। ये शरीर में थॉयराइड हारमोन का संतुलन बनाकर खराब कोलेस्ट्रॉल को नसों में जमने नहीं देते।

हार्टझअटैक रिस्क क्यों?

जब अंडों में इतना पोषण तो हार्ट अटैक क्यों? जबाब है अंडे में मौजूद लिपिड (कोलेस्ट्रॉल)। करीब 5 ग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है एक अंडे के योक (जर्दी) में। एचडीएल और एलडीएल दोनों तरह का। एचडीएल माने अच्छा, एचडीएल माने खराब। ज्यादा अंडे खाने से शरीर में अच्छे के साथ खराब कोलोस्ट्रॉल भी बढ़ता है, जो जम जाता है हमारी नसों में। नसों में कोलोस्ट्रॉल जमना मतलब ब्लॉकेज। यही ब्लॉकेज कारण बनती है हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फैटी लीवर का।

कितने अंडे खाना सुरक्षित

हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फैटी लीवर से बचने के लिये डेली, केवल एक अंडा खायें। अगर ज्यादा अंडे खाने हैं तो योक यानी यलो पार्ट निकाल दें। केवल सफेद पार्ट ही खायें। याद रहे एक अंडे के योक से शरीर को सभी जरूरी माइक्रोन्यूट्रियेन्ट्स मिल जाते हैं। अगर बॉडी–बिल्डिंग के लिये मसल बनानी हैं तो रोजाना बिना योक के 5 से 6 से अंडे खायें। वजह जहां बाजार में बिकने वाले प्रोटीन सप्लीमेंट की क्वालिटी पर संदेह रहता है वहीं अंडा, हाई क्वालिटी प्रोटीन का नेचुरल सोर्स है।कोलेस्ट्रॉल हाई है तो सप्ताह में तीन से चार अंडे ही खायें यानी रोज केवल आधा अंडा। हां, गर्भवती महिलाएं बिना किसी प्रतिबंध के डेली दो अंडे खा सकती हैं। अंडे में मौजूद प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्व गर्भ में पल रहे बच्चे के समग्र विकास में मदद करते हैं। अंडे को बिना नमक के उबालें। वजह, अंडे में पहले से काफी सोडियम होता है। नमक डालकर उबालने से सोडियम हाई हो जाता है जो कारण बन सकता है ब्लड प्रेशर बढ़ने का।

नुकसान क्या–क्या?

ज्यादा मात्रा में अंडे खाने से मोटापा और हाई कोलोस्ट्रॉल जैसी समस्यायें हो सकती हैं। वजह इसमें मौजूद सैचुरेटेड फैट। जो बढ़ाता है लो–डेन्सिटी कोलोस्ट्रॉल। इससे कुछ लोग नॉन–एल्कोहलिक फैटी लीवर का शिकार हो जाते हैं तो कुछ हार्ट–अटैक/ स्ट्रोक जैसी समस्याओं का। अगर सम्भव हो तो पोल्ट्री फॉर्म के बजाय देसी अंडों को प्राथमिकता दें, इनमें एलडीएल कम और ल्यूटिन का स्तर अधिक होता है। अंडे, हमेशा अच्छी तरह पकाकर खायें, कम से कम 3 मिनट। अधपके अंडे खाने से साल्मोनेला इंफेक्शन हो सकता है। ऐसे केस भी सामने आये जिनमें एग एलर्जी के कारण 5 साल से छोटे बच्चों को उल्टी, नाक बहने, अस्थमा और शरीर पर चकत्ते जैसी समस्यायें हुयीं। ऐसी किसी भी एलर्जिक कंडीशन में तुरन्त डॉक्टर की सलाह लें।

# रोशन कनकला के अगले शीर्षक से उठा पर्दा, फिल्म मोगली से फर्स्ट लुक पोस्टर भी आउट

पीपल मीडिया फैक्ट्री के दूरदर्शी निर्माता टीजी विश्व प्रसाद, जो कई तरह के अभिनेताओं और विशिष्ट स्क्रिप्ट वाली कई फिल्में बनाते रहे हैं, ने एक और दिलचस्प प्रोजेक्ट की घोषणा की। निर्देशक संदीप राज, जिन्होंने अपनी पहली फिल्म कलर फोटो के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था, जंगल की पृष्ठभूमि पर आधारित एक समकालीन प्रेम कहानी के लिए उभरते हुए प्रतिभाशाली रोशन कनकला के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं।राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र के निर्देशक संदीप राज ने कलर फोटो जैसी भावनात्मक गहराई से सजी एक और दिल को छू लेने वाली कहानी गढ़ी है। रोशन कनकला, जिन्होंने अपने सहज अभिनय और सुंदर नृत्य के



लिए बहुत प्रशंसा प्राप्त की, नई फिल्म में एक अलग भूमिका में दिखाई देंगे, जिसका नाम दिलचस्प है मोगली।फर्स्ट लुक पोस्टर में रोशन कनकला एक बनियान पहने हुए अपनी मांसपेशियों को दिखाते हुए और एक आकर्षक मुस्कान बिखेरते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह घने जंगल के बीच में एक घोड़े के साथ दिखाई दे रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं, मोगली जंगल बुक का एक लोकप्रिय पात्र है, और इस नई कहानी में भी जंगल की पृष्ठभूमि है। यह देखने में आकर्षक फर्स्ट लुक पोस्टर बहुत ही सुखद लग रहा है, जबकि रोशन शांत दिखाई दे रहे हैं।फिल्म में नायक और खलनायक दोनों की भूमिकाएँ प्रमुखता से दिखाई जाएँगी, हालाँकि खलनायक की कास्टिंग अभी गुप्त रखी गई है। मोगली में एक प्रतिभाशाली तकनीकी टीम है, जिसमें कलर फोटो के लिए अपने हिट एल्बम के लिए जाने जाने वाले काला भैरव शामिल हैं, जो संगीत की रचना करेंगे, और बाहुबली 1 और 2, और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर परियोजनाओं के मुख्य सहयोगी छायाकार राम मारुति एम, छायांकन का काम संभालेंगे।

## अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्टः बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द

ग्रेटर नोएडा, अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच के शुरू होने का इंतजार जारी है। दिल्ली–एनसीआर में लगातार बारिश के कारण लगातार चौथे दिन एक भी गेंद फेंके बिना खेल रद्द कर दिया गया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें आगे बताया गया है कि कल (शुक्रवार) सुबह आठ बजे मैच शुरू करने का निर्णय स्टेडियम का आकलन करने के बाद किया जाएगा। पिछले हफ्ते से शहर में लगातार बारिश हुई है और पहले दो दिन मैदान में खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण खेल बाधित रहा। फिर, तीसरे और चौथे दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले कहा था कि उन्हें इस टेस्ट की मेजबानी के लिए कानपुर और बेंगलुरु की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने ग्रेटर नोएडा को इसलिए चुना क्योंकि अन्य दो स्थानों का उपयोग बीसीसीआई मैचों (आगामी भारत–बांग्लादेश दूसरा टेस्ट और हाल ही में संपन्न दलीप ट्रॉफी का पहला राउंड) के लिए किया जा रहा था। मौजूदा टेस्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले महीनों में श्रीलंका और भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले कीवी टीम के पास परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका जरूर है।

# बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए घोषित की टीम

नईदिल्ली, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है. बोर्ड ने नजमुल हुसैन शंटो को कप्तान बनाया है. बांग्लादेश ने इसके साथ एक हैरान करने वाला फैसला लिया है. टीम ने जाकिर अली को मौका दिया है. जबकि शोरफुल इस्लाम को बाहर का रास्ता दिखाया है. बांग्लादेश ने शाकिब अल हसन, लिटन दास और मेहदी हसन मिराज को भी टीम में शामिल किया है. भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा. इसके बाद सीरीज का दूसरा मुकाबला कानपुर में आयोजित होगा.

बांग्लादेश ने टीम को काफी संतुलित रखा है. उसने अनुभवी खिलाड़ियों के साथ–साथ युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया है. बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान



के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार जीत दर्ज की थी. उसने पाकिस्तान को उसी के खबर में हराया था. अब टीम भारत के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार है. वह टीम इंडिया को कड़ी टक्कर दे सकती है. महमुदुल हसन, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम और मोमिनुल हक को भी मौका मिला है. मुशफिकुर रहीम भी टीम का हिस्सा हैं. बांग्लादेश ने जाकिर अली को टीम में शामिल किया है. उन्हें अभी तक बांग्लादेश के लिए टेस्ट में खेलने का मौका नहीं मिला है. लेकिन जाकिर का घरेलू मैचों में अच्छा रिकॉर्ड रहा है. जाकिर ने 49 फर्स्ट क्लास मैचों में 2862 रन बनाए हैं. इस दौरान 4 शतक और 19 अर्धशतक लगाए हैं. जाकिर का फर्स्ट क्लास की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 172 रन रहा है.

बांग्लादेश क्रिकेट टीमः नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, जेकर अली अनिक.

# मंडे टेस्ट में पास हुई थलापति विजय की गोट, फिल्म ने 5वें दिन खूब छापे नोट, 150 करोड़ के हुई पार

वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित, साइंस–फाई एक्शन ड्रामा द्यद ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइमद्ध ने दर्शकों का दिल जीत लिया है. थलापति विजय स्टारर इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में खूब दर्शकों की भीड़ पहुंच रही है. इसी के साथ बंपर शुरुआत करने वाली द्यइस फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड पर भी जबरदस्त कलकेक्शन किया. चलिए यहां जानते हैं थलापति विजय की फिल्म के पहले मंडे टेस्ट का रिजल्ट क्या रहा है?

द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम थलापति विजय की सेकंड लास्ट फिल्म बताई जा रही है. दअसल अब सुपरस्टार अपने राजनीतिक करियर पर पूरा ध्यान देंगे. ऐसे में विजय की इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट देखी जा रही है. फिल्म का फीवर दर्शकों के सिर चढ़ गया है. खासतौर पर तमिल भाषा में ये फिल्म शानदार परफॉर्म कर रही है और खूब नोट छाप रही है. द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 44 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 25.5 करोड़ रुपये रहा. वहीं तीसरे दिन फिल्म ने 33.5 करोड़ का कारोबार किया और चौथे दिन द्यद ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइमद्ध का कलेक्शन 34 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब फिलम की रिलीज के 5वें दिन यानी पहले मंडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम ने रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंडे को 14 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की 5 दिनों की कुल कमाई अब 151.00 करोड़ रुपये हो गई है. द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है.

फिल्म ने सोमवार को वीकडे होते हुए भी अच्छी कमाई की है और 150 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं अब ये फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा छूने की ओर बढ़ रही है.

## श्वेता तिवारी ने लेटेस्ट तस्वीरों में शेयर किया बॉसी लुक, हॉट अदाएं देखकर दीवाने हुए फैंस

भोजपुरी से टीवी तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर जब भी कोई पोस्ट शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका बॉसी लुक देखकर फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से छा जाता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं।

# सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने एक ओवर में बनाए 30 रन

## –ऑस्ट्रेलिया की पहले टी20 मैच में इंग्लैंड पर दमदार जीत

साउथम्पटन, ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 23 गेंदों पर 59 रनों की पारी के दौरान सैम करन के एक ओवर में 30 रन बटोरे। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में 28 रन से हरा दिया।बुधवार को खेले गए तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गेंदबाजी चुनी। हेड ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के पांचवें ओवर में करन की गेंद पर तीन चौके और तीन छक्के जड़े, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 179 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में मेजबान टीम 151 रनों पर



सिमट गई।हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और पावरप्ले में 50 रन बना लिए। उन्होंने मैथ्यू शॉर्ट (41) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए तेजी से 86 रन जोड़े।मैच में एक समय ऑस्ट्रेलिया 200 से अधिक का स्कोर बनाने की राह पर तेजी से बढ़ रहा था, लेकिन लियाम लिविंगस्टोन (3–22) ने मेहमान टीम को 179 रन तक सीमित कर दिया।अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (2/32) ने नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी गेंदबाजी की। एडम जम्पा (2/20) और सीन एबॉट (3/28) ने भी इंग्लिश टीम पर दबाव बनाया और उन्हें लक्ष्य से बहुत दूर रखा।

इस जीत से ऑस्ट्रेलिया को तीन मैचों की श्रृंखला में 1–0 की बढ़त मिल गई है। अगला मैच शुक्रवार को कार्डिफ में होगा।हेड ने करन के खिलाफ जो 30 रन बनाए, उन्होंने एक टी20 अंतरराष्ट्रीय ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का आस्ट्रेलियाई पुरुष रिकार्ड बना लिया। इसके साथ ही बाएं हाथ का यह बल्लेबाज रिकी पोंटिंग, डेनियल क्रिस्टियन और मिचेल मार्श जैसे हमवतन खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल हो गया, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है।

## एक नजर

### रामलीला मंचन 15 सितंबर से

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बद्री केदार रामलीला कमेटी बेलाडाट की ओर से 15 सितंबर से रामलीला का मंचन किया जाएगा। कमेटी के संयोजक सुभाष कुकरेती ने बताया कि बेलाडाट में होने वाली रामलीला को बेहतर रूप देने के लिए सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर राकेश शाह, नवीन सुंदरियाल, जयकृत नेगी, लोकेश थपलियाल, योगेंद्र बिष्ट, संजय रावत, दीपक काला, संदीप रावत, दिनेश रावत, वीरेंद्र रावत, सुदीप बैंठियाल, अंकित चौधरी आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया नवनिर्मित टिन शेड का लोकार्पण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के अगरोड़ा स्थित ग्राम तोली में प्रमुख ने नवनिर्मित टिन शेड का लोकार्पण किया। मंदिर में टिन शेड का निर्माण होने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि कल्जीखाल की ब्लॉक प्रमुख बीना राणा और द्वारीखाल के प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने नवनिर्मित टिन शेड का रिबन काटकर लोकार्पण किया। ब्लॉक प्रमुख बीना राणा ने कहा कि टिन शेड का निर्माण क्षेत्र पंचायत सदस्य किरन भंडारी के प्रयासों से हुआ है। विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि मंदिर में टिन शेड का निर्माण होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मदन सिंह भंडारी, महेंद्र, दीपक असवाल, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त जन मोर्चा का किया गठन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहर की समस्याओं को हल करने को लेकर संयुक्त जन मोर्चा का गठन किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि शहर की समस्याओं को हल करने के लिए मोर्चा कदम उठाएगा और सभी संगठित होकर शहर की समस्याओं को हल करने का काम करेंगे।संयुक्त जन मोर्चा का अध्यक्ष दिनेश बिष्ट को चुना गया। जबकि सरिता नेगी को संयोजक, मीनाक्षी रावत को सह संयोजक, तस्लीम जावेद को सचिव, प्रतीक बिष्ट को मीडिया प्रभारी, विजेंद्र रावत को सोशल मीडिया प्रभारी चुना गया। इस मौके पर बलवंत पंवार, राहत हुसैन, धर्मालाल, रजनी असवाल, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

### नगर निगम क्षेत्र की सड़कों की हालत खस्ताहाल, दुर्घटना का बना खतरा

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर के अन्तर्गत शहर की सड़कों की हालत खस्ताहाल बनी हुई है। नगर क्षेत्र के तहत विभिन्न मोहल्लों की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे और जीर्ण शीर्ण अवस्था में होने के कारण सड़कें तालाब का रूप ले रही हैं। सड़कों के जगह-जगह गड्ढा युक्त होने के कारण दुर्घटना का भय भी बना हुआ है। नगर निगम क्षेत्र के न्यू कमलेश्वर मोहल्ला, केदार मोहल्ला, कमलेश्वर, आम्रकुंज, नर्सरी रोड़, हनुमान मंदिर सहित विभिन्न मोहल्लों की सड़कें राहगीरों के लिये परेशानियों का सबब बनी हुई हैं। स्थानीय निवासी कांग्रेस नेता लाल सिंह नेगी, बीरेंद्र सिंह नेगी, सूरज घिल्डियाल, बॉबी पुरी ने नगर निगम प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस शासन में नगर पालिका के अन्तर्गत सड़कों की मरम्मत कार्य किया गया, परन्तु जब से भाजपा सरकार ने नगर पालिका क्षेत्र को नगर निगम में उच्चीकृत किया गया है, तब से श्रीनगर की सड़कें खस्ताहाल स्थिति में पड़ी हुई हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन व नगर निगम श्रीनगर से जीर्ण शीर्ण सड़कों की मरम्मत कार्य करने की मांग की है।

### राम वनवास के प्रसंग ने भक्तों की आंखें की नम

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र के गणेश बाजार में स्थित गणेश मंदिर में चल रही राम कथा के पांचवें दिन प्रभु राम के वनवास का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक मधुसुदन घिल्ड़ियाल ने कहा कि कैकई द्वारा राजा दशरथ से भरत को अयोध्या का राजतिलक व श्रीराम को वनवास भेजने का वचन मांगा गया था। बताया कि वनवास मांगने की वजह त्रेता युग में प्रथा थी कि जो राजा 14 वर्ष तक राजगद्दी में ना बैठ पाए उसका फिर राजगद्दी पर बैठने का हक खत्म हो जाएगा।

## बदहाल है सड़कें, टूट रही कमर

# कोटद्वार शहर में बदहाल स्थिति में पड़ी है सड़कें

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शहर में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जो आपकों बदहाल स्थिति में न दिखाई दें। वर्षा काल के बाद से सड़कों पर बने बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों की कमर तोड़ रहे हैं। शिकायत के बाद भी नगर निगम व लोक निर्माण विभाग गड्ढों को भरने तक की सुध नहीं ले रहा। गड्ढों की चपेट में आने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

शहर में बाजार से लेकर भाबर तक की सड़कों की बुरी स्थिति बनी हुई है। कई स्थानों पर गड्ढे इतने बड़े हैं कि इनकी चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक भी चोटिल हो रहे हैं। हल्की वर्षा होने पर यह गड्ढे पूरी तरह पानी से भर जाते हैं। जिस कारण सबसे अधिक दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। मालगोदाम रोड से लालपानी तक पग-पग पर गड्ढे देखाई दे रहे हैं। वहीं, मानपुर चौराहे से बेलाडाट



बदहाल स्थिति में पड़ा मानपुर से बेलाडाट को जाने वाला मार्ग

को जाने वाले मार्ग की सबसे बुरी स्थिति बनी हुई है। मार्ग पर कुछ माह पूर्व बिछाई गई इंटरलाकिंग टाइल भी जगह-जगह से उखड़ चुकी है। जगह-जगह टूट कर पड़ी टाइल्स से पैदल चलने वाले भी चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जनता के हित को देखते हुए जल्द ही मार्ग के मरम्मत की मांग की है। वहीं, निगम क्षेत्र के वार्डों में भी सड़कों की बुरी स्थिति बनी हुई है।

# लगातार चलता रहा बारिश का दौर, पानी-पानी हुआ शहर

**गुरुवार सुबह से देर शाम तक कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में होती रही बारिश**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गुरुवार को कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में पूरे दिन बारिश का दौर जारी रहा। पूरे दिन चलती रही बारिश के कारण देवी रोड, मानपुर, आमपड़ाव व पुराना सिद्धबली मंदिर सहित कई स्थानों पर जल भराव देखने को मिला। सड़क पर भरे पानी के कारण पैदल चलने वालों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बुधवार तड़के से बारिश का दौर शुरू हो गया था। बारिश का यह दौर गुरुवार देर शाम तक जारी रहा। सड़क किनारे नालियां चोक होने के कारण कई स्थानों



कोटद्वार के पुराना सिद्धबली मार्ग में भरा पानी

पर जल भराव की स्थिति देखने को मिली। देवी रोड, पुराना सिद्धबली मार्ग, मानपुर सहित अन्य सड़कों पर घुटने तक पानी भरा हुआ था।

कीचड़ व जल भराव के कारण स्कूली बच्चों को भी आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, पूर्व में हल्की बारिश में ही धोखा देने वाला राष्ट्रीय राजामार्ग गुरुवार को पूरी तरह सुचारु रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिना किसी परेशानी के वाहनों का संचालन चलता रहा।

## जागतोली महोत्सव में महिला मंगल दलों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

रुद्रप्रयाग : तीन दिवसीय जागतोली दशज्यूला महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को स्थानीय कलाकारों व विभिन्न गांवों के महिला मंगल दलों की महिलाओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

बारिश के बावजूद लोगों ने महोत्सव का जमकर आनंद लिया। जागतोली दशज्यूला महोत्सव में गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि बदरी-केदार मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेसी नेता गणेश गोदियाल ने कहा कि दशज्यूला क्षेत्र में तीर्थाटन व पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यह धार्मिक ही नहीं रमणीक स्थान है। इसलिए यहां का चहुंमुखी विकास किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक मेलों के आयोजनों से उभरते कलाकारों को उचित मौका मिलता है। कहा कि पहाड़ के ऐसे धार्मिक मेलों के दौरान सभी को राजनीति से हटकर एक मंच पर आने की जरूरत है। ताकि ये आयोजन भव्य हो सके। विशिष्ट अतिथि केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत ने कहा कि मेला मिलन के अवसर देते हैं। धार्मिक मेलों के आयोजन से क्षेत्र व समाज में नई ऊर्जा का संचार होता है। महोत्सव महासचिव कालिका काण्डपाल ने दशज्यूला क्षेत्र के पौराणिक, आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक गतिविधियों, परम्पराओं की व्यापक जानकारी दी। साथ ही कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल व मनोज रावत के जीवन को लेकर भी जानकारी दी। महोत्सव अध्यक्ष जयवर्धन काण्डपाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही जागतोली दशज्यूला महोत्सव के सफल आयोजन में सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। महोत्सव में भरत मैखुरी, अनूप नेगी, मोन्टी मनवाल, संजय नेगी ने संगीत में साथ दिया। बीरेन्द्र बर्त्वाल, राजेन्द्र काण्डपाल, सुमन पंवार ने महोत्सव का संचालन सयुंक्त रूप से किया।

## नदी में गिरा बुजुर्ग, लापता

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सतपुली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गवाणा मल्ला निवासी एक बुजुर्ग मछलाड नदी में गिर गया। नदी में काफी खोजबीन के बाद भी बुजुर्ग का पता नहीं चल पाया है। सतपुली पुलिस व आपदा बचाव टीम बुजुर्ग की तलाश में जुटी है।

गवाणा मल्ला निवासी धीरज नदी के किनारे बकरी चुगाने गया हुआ था। जंगल की ओर जाने के दौरान मछलाड नदी को पार करते हुए अचानक धीरज सिंह का पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गए। नदी में पानी का तेज बहाव होने के कारण धीरज सिंह को संभलने का मौका नहीं मिला और वे नदी की तेज धार में बह गए। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांव में दी। गांव से मिली सूचना के बाद सतपुली थाने से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद भी टीम शव को नहीं तलाश पाई। जिसके बाद राजस्व उप निरीक्षक की ओर से जिलाधिकारी को मामले की रिपोर्ट भेज गांव में गोताखोर टीम भेजने का आग्रह किया है।

# छात्रा के कमरे में घुसा श्रमिक, दुष्कर्म का प्रयास

- क्षेत्र के निजी कालेज के भवन निर्माण को पहुंचा था श्रमिक
- सुबह तड़के भवन की दीवार कूदकर पहुंचा युवती के कमरे में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार में एक कॉलेज भवन निर्माण कार्य के लिए बिहार से पहुंचे एक श्रमिक ने छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा क्षेत्र में किराये के कमरे में रहती थी। सुबह सूचना मिलते ही आसपास के लोग निर्माणाधीन भवन में पहुंचे और श्रमिक की खूब धुनाई कर उसे पुलिस के हवाले किया।

गुरुवार तड़के श्रमिक निर्माणाधीन भवन की दीवार को कूदकर पास के एक घर में पहुंचा और वहां कमरे में सो रही छात्रा से दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा।

श्रमिक ने छात्रा का मुंह दबाया। लेकिन, छात्रा ने साहस का परिचय देते हुए श्रमिक को धक्का देकर उसे जमीन पर गिर दिया। छात्रा के शोर को सुनकर भवन में रह रही अन्य युवती भी वहां पहुंच गई। लेकिन, उससे पूर्व ही श्रमिक



कोतवाली में लाया गया दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी श्रमिक

भवन की दीवार कूदकर फरार हो गया। सुबह जब आसपास के परिवारों को घटना के बारे में पता चला तो वह निर्माणाधीन भवन में पहुंचे और श्रमिक की खूब धुनाई की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि छात्रा क्षेत्र में किराए के कमरे में रहती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और श्रमिक को अपनी हिरासत में ले लिया है। बताया कि श्रमिक की पहचान बिहार बेगुसराय निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। श्रमिक दो दिन पूर्व ही बिहार से भवन निर्माण कार्य के लिए पहुंचा था। श्रमिक का सत्यापन नहीं करवाने पर ठेकेदार के खिलाफ भी चालान की कार्रवाई की गई है।

# आबादी में हाथी की धमक, रौंद डाली फसल

### वार्ड नंबर 33 में लगातार बढ़ रही हाथी की धमक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वन विभाग के लाख दावों के बाद भी आबादी में हाथी की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। बुधवार रात हाथी ने वार्ड नंबर 33 बालांगज में पहुंचकर काश्तकारों की फसल बर्बाद कर दी। लगातार बर्बाद हो रही फसल से काश्तकारों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। काश्तकारों ने वन विभाग से हाथी के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

वार्ड नंबर 33 का अधिकांश भाग जंगल से सटा हुआ है। ऐसे में आए दिन यहां जंगली जानवरों की धमक बनी रहती है। बुधवार देर रात हाथियों के झुंड ने वार्डवासी धर्मानंद केष्टवाल व धर्मपाल के धान के खेत में घुस गए। जहां पर हाथियों ने धान की खड़ी फसल को रौंद



हाथी द्वारा बर्बाद की गई फसल

डाला। सुबह जब किसान अपने खेतों में पहुंचे तो उन्हें खेत में बर्बाद हुई फसल मिली। हाथी धान की फसल को रौंदकर जंगल की तरफ जा चुके थे। काश्तकारों ने कहा कि कई बार वन विभाग से हाथियों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए ठोस उपाय करने के लिए पत्र भेजा है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। कश्तकारों ने फसल के नुकसान का उचित मुआवजा व हाथियों को आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए ठोस उपाय करने की मांग की है। साथ ही किसानों को हाथियों को भगाने के लिए पटाखे उपलब्ध करवाने की मांग की है।

### कर्णप्रयाग की साहिबा सीड फंड के लिए चयनित

चमोली : पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग की एमएससी की छात्रा साहिबा का देवभूमि उद्यमिता योजना के सीड फंड के लिए चयन हुआ है। समिति के संयोजक डॉ. हरीश बहुगुणा ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य युवा उद्यमियों को अपने व्यवसायिक विचारों को साकार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। साहिबा को उनके स्टार्टअप आइडिया ह्यवेस्ट मटेरियल से डेकोरेटिव आइटमह्व बनाने के लिए 75000 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि साहिबा का स्टार्टअप आइडिया पर्यावरण संरक्षण में मददगार साबित होगा। देवभूमि उद्यमिता साहिबा ने अपनी नवाचारी सोच व रचनात्मकता के चलते यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीएन खाली ने साहिबा की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त कर कहा कि इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

### वाहन स्वामियों का धरना जारी, बसों का संचालन ठप

रुद्रप्रयाग : जीएमओयू प्रबंधन की ओर से 15 वर्ष की अवधि पूर्ण करने वाले वाहनों को संचालन से बाहर करने पर भड़के वाहन स्वामियों का कंपनी मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को भी जारी रहा। विरोध स्वरूप वाहन स्वामियों ने बसों का संचालन भी ठप रखा। इस कारण मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। जबकि कुछ यात्री छोटे वाहनों से अपने गंतव्य तक गए। उधर बुधवार देर शाम को उपजिलाधिकारी की मध्यस्थता में वाहन स्वामियों और कंपनी प्रबंधन की हुई वार्ता बेनतीजा रही। गुरुवार को धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे स्वयं वाहन स्वामी और चालक भी हैं। कंपनी ने 15 वर्ष पूर्ण करने वाले वाहनों को संचालन से बाहर कर दिया है, जबकि सरकार की ओर से उन वाहनों के भी रखरखाव के आधार पर फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं। अन्य कंपनियों में भी 15 वर्ष पूर्ण करने वाले वाहनों का संचालन किया जा रहा है। वहीं वाहनों का संचालन नहीं होने से उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। प्रबंधन की ओर से उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देने के कारण उन्हें धरना प्रदर्शन पर बाध्य होना पड़ रहा है। वाहन चालकों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वो चक्का जाम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा देंगे। धरना स्थल पर दलबीर सिंह, गुलाब सिंह, सुरेश कुमार, गजे सिंह रौथाण, कुलदीप सिंह रावत, देवेंद्र सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, प्रदीप सिंह रावत, विनोद कुमार, धर्म सिंह, मातबर सिंह रौथाण, कोमल सिंह, केशर सिंह, मनोहर सिंह, गणेश भट्ट, मदन सिंह और राकेश भट्ट सहित अन्य वाहन स्वामी शामिल रहे। (एजेंसी)

**ये है प्रमुख मांगें**

कंपनी के वार्षिक चुनाव पूर्व की तरह मतदान से कराने, कोर्ट का निर्णय आने तक कंपनी संचालकों के चुनाव पर रोक लगाने, चुनाव समिति को भंग करने, कंपनी में पुराने वाहनों के संचालन पुनः शुरू करवाने, कंपनी में छोटे वाहनों के संचालन पर रोक लगाने और वाहन स्वामियों का दो प्रतिशत कमीशन उन्हें वापस करना।

## टिहरी में मेडिकल कॉलेज खुलने की उम्मीद जगी

नई टिहरी : टिहरी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर चिकित्सा शिक्षा निदेशालय उत्तराखंड स्तर से भी कार्यवाही अंतिम चरण में है। विभागीय टीम ने जिला मुख्यालय के निकट भागीरथीपुरम इणियां में चिन्हित भूमि का निरीक्षण कर लिया गया है। मामले में निदेशालय ने टीएचडीसी के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर अग्रिम कार्रवाई को कहा है। अब उम्मीद जग गई है कि जल्द ही टिहरी में मेडिकल कॉलेज के सह अस्पताल बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय के प्रस्ताव पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बीते माह टिहरी दौरे पर नई टिहरी के आसपास मेडिकल कॉलेज खोलने के निर्देश दिए थे। मामले में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी जरूरी निर्देश दिए।

जिसके लिए टीएचडीसी इंडिया को इसका वित्तपोषण करते हुए कार्य करने को कहा गया। मामले में विधायक उपाध्याय और डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में भी एक उच्चस्तरीय बैठक हो चुकी है। जिसमें टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी सहित राजस्व, चिकित्सा विभाग के आला अधिकारियों ने इणियां में मेडिकल कॉलेज बनाने की सहमति दी है।

### व्यास के शिक्षा निदेशक बनने पर पैतृक गांव में उत्साह

नई टिहरी : विद्यालयी शिक्षा विभाग में कार्यरत अपर निदेशक कुमाऊं लीलाधर व्यास को माध्यमिक शिक्षा निदेशक की जिम्मेदारी मिलने पर पैतृक गांव विशन और पूरे भिलंगना क्षेत्र में उत्साह बना है। स्थानीय लोगों ने कहा कि विभाग के दूसरे सर्वोच्च पद पर पहुंचकर व्यास ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्र के विद्यालयों की समस्याएं हल होंगी। बीते बुधवार को शासन ने व्यास को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी थी। उनकी नियुक्ति पर विधायक शक्ति लाल शाह, जिपं अध्यक्ष सोना सजवाण, प्रमुख बसुमति घणाता, जिपं सदस्य सोना नौटियाल, गिरीश नौटियाल, डीसीबी के पूर्व अध्यक्ष रजनीकांत सुरीरा, बूढ़ाकेदार मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र नेगी, प्राशिसं के जिलाध्यक्ष चंद्रवीर नेगी, लोकेंद्र सिंह, प्रधान सनोप सिंह राणा, धनपाल सिंह गुनसोला, मायाराम व्यास, सुशील देव, लोकेंद्र जोशी, केदार बर्त्वाल आदि ने खुशी जताई है। (एजेंसी)

# जाम रहे बसों के पहिये, भटकते रहे पहाड़ के यात्री

- जीएमओयू कंपनी के प्रबंधक के खिलाफ जारी रहा आक्रोश
- पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी





कोटद्वार जीएओयू के अड्डे में खड़ी बसें

### वाहन बुक कर किया आवागमन

**जीएमओयू वाहनों के चक्काजाम का सबसे अधिक असर ब्रांच रूटों पर देखने को मिला। ब्रांच रूटों पर वाहन नहीं मिलने से यात्रियों को निजी वाहन बुक कर आवागमन करना पड़ा। जिससे उन्हें अपनी जेब भी ढीली करनी पड़ी। हालांकि मुख्य रूटों पर जीप-टैक्सी व रोडवेज बसों के संचालन से यात्रियों को कुछ राहत मिल गई थी।**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जीएमओयू कंपनी के अध्यक्ष व प्रबंधक के खिलाफ जारी वाहन स्वामी, चालक व परिचालकों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। इस दौरान जीएमओयू की बसों के पहिये भी जाम रहे। बसों का संचालन नहीं होने से पूरे दिन यात्री इधर-उधर भटकते रहें। सबसे अधिक परेशानी पहाड़ के दूरस्त क्षेत्र के यात्रियों को उठानी पड़ी। पहाड़ के ब्रांच रूटों पर तो यात्रियों को पैदल ही अपना सफर तय करना पड़ा।

जीएमओयू के अध्यक्ष व प्रबंधन के खिलाफ वाहन स्वामी व चालक-परिचालक पिछले तीन दिन से हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस दौरान बुधवार से वाहन स्वामियों ने चक्काजाम का भी एलान कर दिया था। ऐसे में गुरुवार को भी पहाड़ के साथ ही हरिद्वार रूट पर बसों का संचालन नहीं हुआ। बसों की तलाश में यात्री सुबह से ही इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। समिति के अध्यक्ष सत्यानंद भट्ट ने कहा कि पूर्व में जीएमओयू एशिया की सबसे बड़ी परिवहन कंपनी थी। लेकिन, आज कुछ लोगों के कारण कंपनी का अस्तित्व डूबने की कगार पर पहुंच गया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व की तरह ही कंपनी में वार्षिक चुनाव करवाने, न्यायालय का निर्णय आने तक कंपनी संचालकों के चुनाव पर रोक लगाने, चुनाव समिति को तुरंत भंग करने, कंपनी में पुराने वाहनों का संचालन पुनः प्रारंभ करवाने की मांग उठाई। मालूम हो कि एक दिन पूर्व ही उपजिलाधिकारी ने मोटर वाहन स्वामियों व चालक, परिचालकों को कंपनी से वार्ता कर उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया था। लेकिन, प्रशासन व समिति के बीच हुई वार्ता विफल ही रही। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह रावत, एसएन भट्ट, कोमल सिंह, बलराम सिंह, सुखदेव सिंह, गणेश भट्ट, दीपक, मातवर सिंह रौथाण आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने अफसरों को दिए अलर्ट रहने के आदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून से उत्तराखंड राज्य के चमोली सहित 10 जिलों में कहीं-कहीं भारी से अत्यंत भारी वर्षा और आकाशीय बिजली की चेतावनी को देखते हुए जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आईआरएस से जुड़े समस्त अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। साथ स्थानीय जनता को विशेष सावधानी, सुरक्षा एवं आवगमन में नियंत्रण रखने की सलाह दी है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रत्येक स्तर पर तत्परता बनाए रखते हुए सावधानी, सुरक्षा और आवागमन पर नियंत्रण रखा जाए। किसी भी आपदा, दुर्घटना की स्थिति में त्वरित



स्थलीय कार्रवाई करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान किया जाए। मोटर मार्ग बाधित होने की दशा में सड़क निर्माणदायी संस्थाएं तत्काल सड़क खुलवाना सुनिश्चित करें। समस्त राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अपने क्षेत्रों में बनें रहे। समस्त चौकी, थाने भी आपदा प्रबंधन संबधी उपकरणों एवं वायरलेस सहित अलर्ट पर रहें।

आपदा की सूचना आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0135-2710334, टोल फ्री नंबर 1070, मोबाइल नंबर 8218867005, 9058441404 तथा फैक्स नंबर 0135-2710335 पर तत्काल देना सुनिश्चित करें। कोई भी अधिकारी अपना फोन स्विच ऑफ नहीं रखेंगे। फंसे हुए लोगों के लिए खाद्यान्न सामग्री व मेडिकल की व्यवस्था रखी जाए। नगर एवं कस्बों में नालियों एवं कलवटों के अवरोधों को दूर किया जाए।

## एक नजर

### भूस्खलन की चपेट में आई कार, हादसा टला

नई टिहरी : घनसाली क्षेत्र में बीती रात से लगातार हो रही बारिश से जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से जगह-जगह भूस्खलन से आवागमन बाधित है। वहीं घनसाली-घुत्तु मोटरमार्ग पर बीती बुधवार देर शाम को पोखार के पास भूस्खलन की चपेट में आने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। घनसाली क्षेत्र में नई सड़कों के कटान से भटव-ाडा-खोला मोटरमार्ग पर बाल गंगा तहसील में ग्रामीण चंडी प्रसाद का आवासीय मकान खतरे की जद में आ गया। साथ ही पोखर-जमोलना मोटर मार्ग से विशेश्वर प्रसाद का मकान भी खतरे की जद में है। बालगंगा के नायब तहसीलदार बीएस पंवार ने बताया कि, लगातार हो रही बारिश के चलते लोगों को सतर्क किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए प्रशासन एलर्ट मोड पर है तथा किसी भी प्रकार की घटना के लिए एसडीआरएफ व अन्य विभागों की टीम को तैयार रखा गया है। (एजेंसी)

### तीथपुरोहितों को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराए जाएं

नई टिहरी : विश्व हिंदू वाहिनी देवप्रयाग अध्यक्ष राहुल कोटियाल ने पौड़ी सांसद अनिल बलूनी को बदरीनाथ धाम में संचालित और देवप्रयाग के प्रस्तावित मास्टर प्लान को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने बदरीनाथ धाम में देवप्रयाग निवासी पंचभैया तीर्थ पुरोहितों के आवासों के मास्टर प्लान की अनियोजित खुदाई से ध्वस्त होने का मामला रखा गया। ज्ञापन में सांसद बलूनी से प्रभावित परिवारों को बदरीनाथ में निःशुल्क आवास मुहैया कराने का आग्रह किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि उक्त प्रभावित क्षेत्र मास्टर प्लान में न होने से इन परिवारों को विशेष श्रेणी में रख सरकार द्वारा सहायता दी जाए। वहीं ज्ञापन में सांसद से तीर्थपुरोहितों के स्थायी निवास देवप्रयाग को भी मास्टर प्लान में रखे जाने पर पुनर्विचार किये जाने तथा देवप्रयाग की 1962 से गायब खाता खतौनी को उपलब्ध कराये जाने का भी आग्रह किया गया। (एजेंसी)

### दहेज की खातिर विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप

हरिद्वार। विवाहिता के दहेज उत्पीड़न के मामले में कोर्ट के आदेश पर कनखल थाना पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर केस दर्ज किया है। मोहन एन्क्लेव गार्डन निवासी ममता नंदे ने कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी पांच जुलाई 2019 को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के थाना पुसौर के बढोला गांव निवासी मुकेश कुमार नंदे के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद ही पति मुकेश कुमार नंदे, सास चमोली नंदे, ससुर अकुर नंदे, जेठ राकेश नंदे, देवर कमलेश नंदे, बुआ गायत्री ने दहेज में पांच लाख की रकम और बुलेट की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया।

### कनखल के पहाड़ी बाजार के राजा गणेश के पंडाल में भक्तों की धूम

हरिद्वार। शिव की ससुराल कनखल के पहाड़ी बाजार के पंडाल में गणेश की दिव्य भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके दर्शन के लिए बड़ी तादाद में लोग आ रहे हैं। यहां प्रतिदिन सुबह और शाम गणेश की आरती की जाती है। साथ ही महिलाएं और बच्चे कीर्तन करते हैं। आरती में बड़ी संख्या में भक्त भाग लेते हैं। भगवान शिव की ससुराल कनखल में इस समय गणेश की धूम चारों ओर मची हुई है। पहाड़ी बाजार के राजा गणेश जी के पंडाल में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार, राजेंद्र शर्मा पप्पू बिजली वाले, धीरज कुमार, नीरज कुमार कन्नौजिया, सूरजकुमार, मंजू, ऋतु, गुनगुन, सानिया, परी, अनिकेत, राहुल, रोहन, विपिन, चिया, रजत आदि कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### बारिश से धान की पैदावार बढ़ेगी, किसानों को सिंचाई की जरूरत कम होगी

हरिद्वार। धान की फसल के लिए बारिश वरदान साबित हो रही है। इस बार औसत से कम बारिश के चलते किसानों को धान की उपज कम होने का भय सताने लगा था, लेकिन लगातार जो रही बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। लालढांग क्षेत्र की 11 ग्राम पंचायतों में करीब 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगी है। सिंचाई की पूर्ण व्यवस्था न होने के कारण ज्यादातर कृषि बरसात पर निर्भर रहते हैं। बीते जुलाई और अगस्त में औसत से कम बारिश के कारण किसानों के चेहरे मुरझा गए थे, लेकिन सुबह से लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। बारिश धान की फ़सल के लिए फायदेमंद साबित होगी।

# अफसर सेवा के अधिकार अधिनियम को गंभीरता से लें : डीएम

## डीएम ने मुख्य शिक्षाधिकारी व जिला उद्यान अधिकारी का वेतन रोका



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सेवा का अधिकार अधिनियम-2011 के तहत अधिसूचित सेवाओं की सीमक्षा को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सेवा के अधिकार अधिनियम को गम्भीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि पर आवेदक के प्रमाण पत्रों को निर्गत करें। उन्होंने कहा कि राईट टू सर्विस की अगली बैठक में विभागाध्यक्ष स्वंय प्रतिभाग करें। सेवा का अधिकार अधिनियम संबंधी वार्षिक रिर्पोट में शिक्षा व उद्यान विभाग के स्तर पर लम्बित प्रकरणों को देखते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षाधिकारी व जिला उद्यान अधिकारी का माह सितम्बर के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों द्वारा सेवा के अधिकार की रिर्पोट जिला कार्यालय को नहीं भेजी है वे प्राथमिकता के आधार पर रिर्पोट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड/तहसील रिखणीखाल, धुमाकोट, लैंसडौन व पोखड़ा में दिल्ली से अप्रूवल के बाद शीघ्र ही आधार सेवा केन्द्र की सेवाएं शुरु होने जा रही है, इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी अधार सेवा केन्द्रों की सुविधा मुहैया कराने को लेकर प्रयास निरंतर जारी है। बैठक में उपजिलाधिकारी कोटद्वार सोहन सैनी, उपजिलाधिकारी यमकेश्वर चतर सिंह चौहान, एसडीएम लैंसडौन शालिनी मोर्या, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

# उत्तर रेलवे द्वारा राजभाषा पखवाड़े का आयोजन

## विभिन्न रेलकर्मी राजभाषा पुरस्कारों से सम्मानित किए गए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

दिल्ली : उत्तर रेलवे पर आयोजित किये जा रहे राजभाषा पखवाड़े के दौरान गुरूवार को उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे की अध्यक्षता में बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने प्रधान कार्यालय की ई-पत्रिका ह्लसरस्वती संगमह्व का विमोचन किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक राजभाषा पुरस्कार, क्षेत्रीय हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी निबंध एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिताओं और तकनीकी लेख प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। शोभन चौधुरी ने ई-ऑफिस में अपना कार्य हिंदी में करने तथा हिंदी पुस्तकालयों में व्यापक सुधार करने के लिए कहा। उन्होंने हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया।




मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी डिम्पी गर्ग ने महाप्रबंधक सहित उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने राजभाषा पखवाड़ा के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया। बैठक में उत्तर रेलवे के सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधकों सहित मुख्य कारखाना प्रबंधकों ने सहभागिता की।

# केन्द्र सरकार की विकास योजनाओं की गति में तेजी लाएं सभी विभाग

अल्मोड़ा। सभी विभाग आपसी सामंजस्य स्थापित कर केन्द्र सरकार की विकास योजनाओं की गति में तेजी लाएं। यह बात विकासभवन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद अल्मोड़ा एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री अजय टम्टा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने जनपद व विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ केन्द्र पोषित योजनाओं व अन्य मुख्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन एवं अन्य केंद्रीय योजनाओं में गति लाने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय तक कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आई तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जो सड़कें सांसद निधि, विधायक निधि तथा अन्य निधियों से काटी गई हैं तथा उनका मालिकाना दायित्व किसी भी विभाग का नहीं है, उन सभी सड़कों का डाटा तैयार करें एवं उनको प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में प्रस्तावित करें।

### लोकजीवन विकास भारती और संकल्प तरु को मिलेगा पुरस्कार

चमोली : केदार सिंह रावत पर्यावरण पुरस्कार इस वर्ष भिलंगना घाटी स्थित सर्वोदयी संस्था लोकजीवन विकास भारती और देहरादून के संकल्प तरु संस्था को संयुक्त रूप से प्रदान किया जायेगा। पुरस्कार चयन समिति के सचिव मंगला कोठियाल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंगला कोठियाल ने बताया कि चयन मंडल ने पुरस्कार के लिए मिली प्रविष्ठियों के आधार पर इन दोनों संस्थाओं का चयन किया है। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध गांधीवादी सर्वोदयी नेता स्व. विहारी लाल द्वारा स्थापित लोकजीवन विकास भारती संस्था 1977 में अपने गठन के समय से ही भिलंगना घाटी में समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से निरंतर कार्य कर रही है। 2012 में अपूर्व भण्डारी द्वारा गठित संकल्प तरु अभियान ने अपने अभी तक के एक दशक के ही कार्यों से पर्यावरण के क्षेत्र में नवीन तकनीकों का उपयोग कर अपने उल्लेखनीय कार्यों से कई मील के पत्थर स्थापित कर दिये हैं। इनमें लेह और राजस्थान के रेगिस्तान में हरियाली की पहल तथा तटीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के कार्य प्रमुख हैं। चयन समिति की बैठक में भरत सिंह रावत, विशेष आमंत्रित सदस्य बीडी सिंह, डा. नंदकिशोर हटवाल और गौरव वशिष्ठ उपस्थित थे। (एजेंसी)

# मानवाधिकार आयोग ने सुनवाई के दूसरे दिन 5 वादों का किया निस्तारण

## चमोली, पौड़ी और रुद्रप्रयाग के 41 परिवादों की हुई सुनवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के सदस्य गिरधर सिंह धर्मशक्तू व राम सिंह मीणा की खंडपीठ ने जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में मानवाधिकार संरक्षण एवं सुशासन के संवेदनीकरण पर परिवादों की सुनवाई के दूसरे दिन गुरुवार को 41 वादों की सुनवाई की।

इस दौरान खंडपीठ ने 5 वादों का निस्तारण किया। इस दौरान चमोली, पौड़ी और रुद्रप्रयाग के वादों की सुनवाई की गई।

चमोली जिला पंचायत सभागार में उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित दो दिवसीय सुनवाई के दौरान कुल 62 परिवादों की सुनवाई की गई। जिनमें से 7 वादों का समाधान किया गया। जबकि अन्य परिवादों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर मानवाधिकार आयोग के सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी, निबंधक (विधि) ब्रजेन्द्रमणी त्रिपाठी, अनु सचिव राजेंद्र झिंक्वांण, उप जिलाधिकारी कमलेश मेहता, नायब तहसीलदार दीप्ति शिखा आदि मौजूद थे।



# यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 62 वाहनों का हुआ चालान, एक वाहन सीज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षित यातायात और स्वच्छता बनाए रखने को लेकर चमोली में जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशों पर यात्री वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। एसडीएम कर्णप्रयाग और परिवहन अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में चले इस विशेष अभियान में महज 24 घंटे में 62 वाहनों का चालान और एक वाहन को सीज किया गया।



जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने चारधाम यात्रा मार्ग पर बिखरे प्लास्टिक बोतल, रेपर और गंदगी को देखते हुए यात्री वाहनों की जांच के लिए एसडीएम और परिवहन अधिकारी को संयुक्त चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। ताकि यात्रा मार्ग पर सुरक्षित यातायात और स्वच्छता बनी रहे। जिलाधिकारी के निर्देशों पर चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्री वाहनों की जांच की गई। जिसमें कुछ वाहनों में डस्टबिन न मिलने और शराब के नशे में वाहन चलाने समेत अन्य अभियोग के अंतर्गत महज 24 घंटे में 62 वाहनों के चालान किए गए। इस दौरान यात्री वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात संबधी जरूरी निर्देश भी दिए गए। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र ने बताया कि 10 सितंबर की रात्रि और 11 सितंबर को कर्णप्रयाग के निकट चारधाम यात्रा मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें 62 वाहनों का चालान किया गया। शराब के नशे में वाहन चलाने पर एक वाहन का सीज किया गया। चैकिंग अभियान के दौरान यात्री वाहन ओवरलोडिंग पर 05, बिना लाइसेंस 09, बिना प्रदूषण 07, बिना बीमा 04, बिना सीट बेल्ट 09, बिना फस्ट एड बॉक्स 12, ब्लैक फिल्म 01, बिना कर 03, रिफ्लेक्टर 03, बिना डस्टबिन 04, बिना हेलमेट 01, मोबाइल प्रयोग करने पर 01 तथा अन्य अभियोग के तहत 21 वाहनों का चालान किया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग संतोष कुमार पांडेय, एआरटीओ ज्योति शंकर मिश्र सहित तहसील और परिवहन विभाग के संबंधित कार्मिक मौजूद थे।

### पंजाबी महासभा ने किया अखाड़े के महंत को सम्मानित

हरिद्वार। पंजाबी महासभा की ओर से श्री पंचायती उदासीन अखाड़ा के महंत गोविंददास महाराज को राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया गया।

कनखल राजघाट के अखाड़ा परिसर में श्री चंद्र भगवान की जयंती के अवसर पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय की मौजूदगी में उन्हें सम्मानित किया गया। पंजाबी महासभा के प्रदेश संरक्षक जगदीश लाल पाहवा ने महंत गोविंद दास को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और माला भेंट की। चंपतराय ने अखाड़े की परम्पराओं को सनातन धर्म की रक्षा और उनके प्रचार प्रसार के लिए मील का पत्थर बताया। महंत गोविंद दास महाराज ने कहा कि श्री उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा भगवान श्री चंद्र आचार्य के बताए मार्ग पर चल रहा है और धार्मिक कार्यों को निभाने के साथ-साथ सामाजिक दायित्व भी निभा रहा है।

# हुड़दंग के बाद जागेश्वर धाम में प्रवेश के समय में एएसआई ने किया बदलाव

अल्मोड़ा। प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में सूर्यास्त के बाद श्रद्धालुओं के प्रवेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने रोक लगा दी है। इसके अलावा सूयोदय से पहले भी कोई श्रद्धालु मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं कर पाएगा। बीते दिनों हुए हुड़दंग के बाद एएसआई हरकत में आई और नियमों में सख्ती कर दी है। जागेश्वर धाम में बीते दिनों पीलीभीत से आए श्रद्धालुओं ने रात के वक्त हंगामा काटा था।

ये श्रद्धालु कपाट बंद होने के बाद भी गेट फांदकर पालतू कुत्तों सहित मंदिर में प्रवेश कर गए थे। विरोध करने पर उन्होंने एएसआई के सुरक्षा गार्ड को पीट दिया था। इससे मौके पर खूब हंगामा हुआ था। इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं। इसी को देखते हुए एएसआई ने अपने नियम का सख्ती से पालन करवाने की तैयारी कर ली है। मंगलवार को एएसआई ने मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर इस संबंध में एक नोटिस भी चस्पा कर दिया है।

नोटिस में स्पष्ट किया गया है श्रद्धालु सूर्यास्त के बाद और सूयोदय से पहले मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। एएसआई ने मंदिर प्रवेश द्वार पर नोटिस चस्पा करते हुए लिखा है कि प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल एवं अवशेष नियम 1959 के अध्याय 02, नियम 05(1) के अनुसार राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक जागेश्वर मंदिर समूह यात्रियों/दर्शनार्थियों के लिए सूयोदय से सूर्यास्त तक खुला रहेगा। इस नियम का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# घटखोला में पेयजल लाइन टूटी, 400 घरों में नही आया पानी

पिथौरागढ़। घटखोला में भूस्खलन से यातायात बाधित होने के साथ ही लोगों को पानी की समस्या से भी जूझना पड़ा।

बीते बुधवार की रात तेज बारिश के दौरान हुए भूस्खलन से पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। लाइन टूटने से घटधार, मल्ली बाजार क्षेत्र में गुरुवार को 400 से अधिक घरों में पानी की आपूर्ति ठप रही। बारिश के बीच लोगों को पानी के इंतजाम के लिए भटकना पड़ा। घटखोला-धारचूला पेयजल लाइन से घटधार, मल्ली बाजार क्षेत्र में पानी में पानी की आपूर्ति होती है। बुधवार रात लगातार बारिश के कारण घटखोला में पेयजल लाइन के ऊपर भारी मात्रा में बोल्डर और मलबा गिर आया, जिससे लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। गुरुवार को योजना से जुड़े क्षेत्र में नलों से पानी की एक बूंद नहीं टपकी। स्थानीय निवासी शकुंतला आगरी ने बताया कि बारिश के दौरान पेयजल संकट खड़ा लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लोग प्राकृतिक जल स्रोतों, हेंडपंप से पानी ढोकर किसी तरह काम चला रहे हैं। इधर, जल संस्थान के जेई सुरेंद्र धामी ने कहा बारिश थमने के बाद क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की मरम्मत की जाएगी।

### मोहम्मदी जुलूस निकालने की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

अल्मोड़ा। मोहम्मदी जुलूस आयोजन समिति के संयोजक अमीनूर्रहमान के नेतृत्व में चौहानपाटा गांधी पार्क में मुस्लिम समाज के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया।

वक्ताओं ने कहा कि आगामी 16 सितम्बर को हजरत मुहम्मद साहब का जन्म दिवस है। लम्बे समय से मुस्लिमों द्वारा अन्य स्थानों की तरह अल्मोड़ा में भी मोहम्मदी जुलूस आयोजन करने की मांग की जा रही है लेकिन जिला प्रशासन इसकी इजाजत नहीं दे रहा है। धरना प्रदर्शन करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत के संविधान की अनदेखी करना बन्द करो।

# पंकज जिला मंत्री, कमलेश—दीपक जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

पिथौरागढ़। नगर के तीन व्यापारियों को जिला व्यापार संघ में अहम जिम्मेदारी दी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष जनक जोशी ने युवा व्यापारी पंकज कार्की को जिला मंत्री और कमलेश पंत व दीपक बोरा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

तीनों को जिला स्तर पर जिम्मेदारी मिलने पर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत ने खुशी जताते हुए कहा कि जिलास्तर पर प्रतिनिधित्व मिलने से व्यापारियों के हितों से व्यापरियों की समस्याओं का प्रमुखता के साथ समाधान होगा। नवनियुक्त जिला मंत्री पंकज, जिला उपाध्यक्ष कमलेश और दीपक ने जिला व्यापार संघ का आभार जताते हुए व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। नगर व्यापार मंडल के



उपाध्यक्ष कमल खाती, महासचिव दीपक रावत, उपसचिव अंशुल डांगी, कोषाध्यक्ष पुष्कर सिंह ने खुशी आदि ने खुशी जताई है।

# अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को दिया ज्ञापन

रुद्रपुर। खटीमा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो और धार्मिक गुरुओं ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।गुरुवार को दिए ज्ञापन में कहा की केन्द्रीय सरकार वक्फ एक्ट 2013 में तकरीबन 40 संशोधन के साथ नया बक्फ संशोधन बिल 2024 पार्लिमेन्ट में पेश कर चुकी है। ये बिल पार्लिमेन्ट में विपक्ष के बड़े हंगामे के बाद संयुक्त संसदीय समिति (जे०पी०सी०) को भेज दिया गया है। यह संशोधन बिल जब से पार्लिमेन्ट में पेश किया गया है इसे लेकर भारत के मुसलमानों में बहुत बैचेनी तकलीफ और गहरा रोष है। इस सशोधन बिल के जरिये केन्द्र की सरकार मुस्लिम वक्फ जायदादों की हैसियत और नोइयत को बदल देना चाहती है। ताकि इनपर कब्जा करके वक्फ की हैसियत को खत्म करना आसान हो जाए। वक्फ प्रापर्टी अललखेर हो या अलल औलाद अल्लाह की होती है। न इसको बदला जा सकता है और न बेचा जा सकता है। इस तरह से केन्द्रीय सरकार वक्फ संशोधन बिल लाकर मुसलमानों के धार्मिक मामलात में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रही है। जबकि मुसलमान हर नुकसान बर्दाश्त कर सकता है. लेकिन उसके दीन में, शरीयत में कोई हस्तक्षेप करे हरगिज बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत के संविधान ने हर नागरिक को धार्मिक आजादी के साथ जीने का मुकम्मल अधिकार दिया है जबकि हुकूमत इस संशोधन बिल के द्वारा इस धार्मिक आजादी को छीन लेना चाहती है। जिससे देश के सेकुलर ढांचे को नुकसान पहुच रहा है।यह कि संशोधन बिल पेश करने से पहले किसी भी मुस्लिम तंजीम, कानून के जानकार इस्लामी स्कॉलर, उलमा और मशाइख से किसी तरह कोई मशवरा नहीं लिया गया। जिससे कि हुकूमत की नीयत साफ नजर नहीं आती।हमारे बुजर्गों ने अपनी जमीन और जायदादे इसलिए वक्फ कराई थी की इनसे होने वाली आय से गरीबों ,यतीमो,मिस्किनो,बेवाओको फायदा पहोंचे।हुकूमत के इस अमल से वक्फ की सम्पत्तियों पर नाजाइज कब्जे का दरवाजा खुल जायेगा।जबकि ज्वाइन्ट पार्लिमेन्ट कमेटी ने इस बिल पर आपत्ति (एतराजात) तलब किये है हम मुसलमानाने ऊधमसिंहनगर इस वक्फ संशोधन बिल का पुरजोर विरोध करते हैं और आपसे अनुरोध करते है कि इस बिल को केन्द्रीय हुकूमत वापस ले और वक्फ एक्ट 2013 ही को यथावत बहाल रखा जाए। साथ ही ये भी मुतालबा करते हैं कि जिन वक्फ की जमीनों पर जो कि हजारों करोड़ की सम्पत्ति है हुकूमत उन जायदादों को अवैध कब्जदारों से खाली कराये ताकि उसका फायदा गरीबों यतीमो, मिस्कीनो, बेवाओं को मिल सके।

# भारी बारिश को देखते हुए नंदादेवी मेला अवधि दो दिन बढ़ाई

## – 13 को होगी शोभायात्रा, 15 को मेले का समापन

अल्मोड़ा। भारी बारिश को देखते हुए नंदादेवी मेले के कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। बारिश के मौसम को देखते हुए नंदादेवी मेला कमेटी ने निर्णय लिया है कि मां नंदा-सुनंदा का डोला निर्धारित कार्यक्रमानुसार शुक्रवार ही उठेगा, लेकिन मेला अवधि दो दिन बढ़ा दी है। अब मेले का समापन 15 सितंबर को होगा। यहां बारिश ने नंदादेवी मेले में इस बार बड़ा खलल डाला। बुधवार रात से लगातार बारिश के चलते नंदादेवी मेला कमेटी ने मेले की अवधि दो दिन बढ़ा दी, लेकिन मां नंदा सुनंदा की शोभायात्रा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार कल यानी 13 सितंबर को अपराह्न 4 बजे से निकलेगी। गुरुवार व शुक्रवार के मेले के कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं, इसके बदले मेला 15 सितंबर तक चलेगा। मेले का समापन 15 सितंबर को होगा। नामी कलाकार इंदर आर्या व दर्शन फर्स्वाण की स्टार नाइट 14 व 14 सितंबर को होगी। गुरुवार और कल मंदिर पूजा-अर्चना व भजन होंगे। मां नंदा-सुनंदा की शोभायात्रा के दौरान अत्यधिक भीड़भाड़ के दृष्टिगत यातायात निरीक्षक ने नगर की ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया है। नगर में अपराह्न 03 बजे से सायं 06 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। जिसके तहत करबला से नगर माल रोड की ओर वाले समस्त चौपहिया/भारी वाहन वाया धारानौला या बेस तिराहा लोअर माल रोड होते हुए जायेंगे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338